दिनांक 01.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

होम कंपोस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए निगम द्वारा वितरित किया जा रहा है विभिन्न प्रकार के कंपोस्टिंग पात्र'

भिलाईनगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी के दिशा निर्देश के माध्यम से स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 में भिलाई शहर को नंबर वन बनाने के लिए विभिन्न प्रयास निगम प्रशासन की ओर से किए जा रहे हैं इसी परिपेक्ष में होम कंपोस्टिंग को अपनाने के लिए निगम भिलाई के विभिन्न जोन क्षेत्र के द्वारा एक पात्र जिसमें गीले कचरे से खाद तैयार किया जा सकता है वितरित किया जा रहा है।

होम कंपोस्टिंग अपनाने वालों में संत रविदास नगर से नरेंद्र वर्मा, बलदाऊ डीपी तिवारी, सुंदर नगर से दुर्गाबाई चौधरी, पंकज त्रिपाठी, निशा सिन्हा, जुनवानी से अजय यादव, स्मृति नगर से सविता गुप्ता, विनोबा नगर से जनक लाल, नेहरू नगर से अंकित सक्सैना, प्रदर्शनी परिसर से जितेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा नगर से धनंजय सिंह, लक्ष्मी मार्केट से उषा मिश्रा, फरीदनगर से लाजवंती बाई, शारदा पारा से राम कुमार निषाद, संतोषी पारा से परदेसी निर्मलकर, सुंदर नगर से श्रीकृष्ण मुरारी, श्याम नगर से राजेश यादव, प्रगति नगर से भगवती बाई वर्मा, आर्य नगर कोहका से भूषण लाल, साकेत नगर से मनीष कुमार सहित विभिन्न नागरिकों ने अपने घरों से निकलने वाले गीले कचरे से खाद तैयार करना प्रारंभ कर दिया है।

आयुक्त एसके सुंदरानी ने बताया कि होम कंपोस्टिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य विभिन्न तरह के होम कंपोस्टिंग के पात्र वितरित किए जा रहे हैं ताकि जीरो वेस्ट की संभावना बढ़ जाए यदि सभी अपने घरों से निकलने वाले गीले कचरे का निपटारा घर मे ही करने लग जाए तो निश्चित रूप से भिलाई कचरा मुक्त शहर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

जनसम्पर्क अधिकारी